# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 330 | बिजौलिया - शुक्रवार, 12 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


# राजस्थान की तीनों राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध चुनाव

## भाजपा की डॉ. अलका सिंह और डॉ. सतीश पूनिया, कांग्रेस के नीरज डांगी बने राज्यसभा सदस्य

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान से राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव-2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार गुरुवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। नाम वापसी की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर ने भाजपा की डॉ. अलका सिंह, डॉ. सतीश पूनिया तथा कांग्रेस के नीरज डांगी के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की।



विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने तीनों नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और समर्थकों ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान तीनों सीटों के लिए केवल तीन ही उम्मीदवार मैदान में रहे। किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं किए जाने तथा नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद चुनाव आयोग को मतदान कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी और तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे इस चुनाव में भाजपा ने दो सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस ने अपनी एक सीट बरकरार रखी।

# शहरी सेवा शिविर आज से, पट्टों और भूमि मामलों में बड़ी राहत; शुल्क व प्रीमियम में 100% तक छूट

## 15 जुलाई तक चलेंगे शिविर, एक ही स्थान पर मिलेंगी नगर निकायों की विभिन्न सेवाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आमजन को राहत देने और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार शुक्रवार से 'शहरी सेवा शिविर-2026' की शुरुआत कर रही है। 12 जून से 15 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, विकास प्राधिकरण, नगर सुधार न्यास और राजस्थान हाउसिंग बोर्ड क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस बार पट्टों, फ्री-होल्ड, नियमन और भूमि संबंधी मामलों में कई महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान की हैं, जिससे हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।




अभियान के दौरान विभिन्न विभागों और निकायों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी तथा वर्षों से लंबित मामलों का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। राज्य सरकार ने भवन निर्माण स्वीकृति शुल्क में छूट देने के साथ नामांतरण, उप-विभाजन, पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन और फ्री-होल्ड जैसी प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया है। इसके अलावा कई मामलों में मौका निरीक्षण की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है तथा आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 15 दिन से घटाकर 7 दिन कर दी गई है।

सरकार द्वारा जारी प्रावधानों के अनुसार कृषि भूमि पर विकसित 31 दिसंबर 2021 तक की कॉलोनियों को विशेष नियमन योजना का लाभ मिलेगा। वहीं सरकारी भूमि पर 1 जनवरी 2013 तक बसी कॉलोनियों को भी नियमन के दायरे में शामिल किया गया है। डीनोटिफाइड कच्ची बस्तियों में निवास कर रहे पात्र लोगों को भी पट्टा जारी करने का प्रावधान रखा गया है।

पट्टा वितरण को लेकर भी सरकार ने बड़ी राहत दी है। 200 वर्गमीटर तक के भूखंडों के लिए पट्टा 100 रुपये प्रति वर्गमीटर तथा 200 से 500 वर्गमीटर तक के भूखंडों के लिए 120 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से जारी किया जाएगा। पुराने बिजली-पानी के बिलों और बिना पंजीकृत पुराने इकरारनामों को भी कई मामलों में प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा।

अभियान के तहत स्टाम्प शुल्क और अतिरिक्त प्रीमियम में 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। पुरानी लीज राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में भी पूर्ण छूट मिलेगी। इसके अलावा नामांतरण शुल्क में 50 प्रतिशत तक तथा भू-उपयोग परिवर्तन, उप-विभाजन और पुनर्गठन शुल्क में 25 से 75 प्रतिशत तक राहत प्रदान की जाएगी।

शिविरों में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, फ्री-होल्ड, लीज मुक्ति, भू-उपयोग परिवर्तन, उप-विभाजन और पुनर्गठन सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क, नाली, सीवर, स्ट्रीट लाइट, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव, आवारा पशुओं की समस्या, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना, कुसुम योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। शहरी सेवा शिविरों में अधिकांश आवेदन ऑनलाइन माध्यम से लिए जाएंगे। जिन सेवाओं के लिए ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, वहां ऑफलाइन आवेदन स्वीकार कर संबंधित निकाय स्वयं उन्हें ऑनलाइन दर्ज करेंगे। आमजन की सुविधा के लिए प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क, ई-मित्र केंद्र, नोटरी, स्टाम्प वेंडर तथा डीड राइटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# चंद्रेसल मठ हत्याकांड का खुलासा: 750 बीघा जमीन और करोड़ों की संपत्ति बनी हत्या की वजह, मुख्य साजिशकर्ता समेत दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**फरीद ।** शहर के बहुचर्चित चंद्रेसल मठ महंत देवानंद हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मठ की करोड़ों रुपये की संपत्ति और ट्रस्ट पर कब्जे की जंग के चलते महंत देवानंद की हत्या की साजिश रची गई थी। मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता संतोष कुमार राय और आरोपी पुष्पेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।



जानकारी के अनुसार 5 जून की रात बोरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित चंद्रेसल मठ में महंत देवानंद महाराज की निर्मम हत्या कर दी गई थी। अज्ञात बदमाशों ने चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी जान ले ली थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने हत्या को लेकर नाराजगी जताई थी तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में विशेष जांच दल का गठन किया गया। साइबर सेल, डीएसटी, एफएसएल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने लगातार कई दिनों तक जांच कर हत्याकांड की परतें खोलीं।

पुलिस जांच में सामने आया कि चंद्रेसल मठ के पास करीब 750 बीघा जमीन और लगभग 4 करोड़ 33 लाख रुपये की संपत्ति है। मठ के ट्रस्ट और कार्यकारिणी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार संतोष कुमार राय स्वयं को पुरानी कार्यकारिणी का अध्यक्ष बताकर ट्रस्ट पर नियंत्रण बनाए रखना चाहता था। वहीं महंत देवानंद नई कार्यकारिणी के गठन और धार्मिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में कार्य कर रहे थे, जिससे दोनों पक्षों के बीच विवाद गहराता गया।

पुलिस का दावा है कि इसी विवाद के चलते संतोष कुमार राय ने महंत देवानंद को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने आदित्य वर्मा को एक लाख रुपये की सुपारी दी। आदित्य ने अंकित बैरवा, पुष्पेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस और एक अन्य साथी को इस साजिश में शामिल किया। वारदात से पहले आरोपियों ने कई बार मठ की रेकी की और महंत की दिनचर्या तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई।

जांच में सामने आया कि 5 जून की रात आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मठ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने मठ में मौजूद नंदनवन महाराज के कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी, ताकि कोई मदद के लिए बाहर नहीं आ सके। इसके बाद आरोपी महंत देवानंद के कमरे में घुस गए और उन पर चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद महंत जान बचाने के लिए कमरे से बाहर निकलकर भागे, लेकिन आरोपियों ने उनका पीछा कर उन्हें दबोच लिया और ताबड़तोड़ चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया।

घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण शुरुआत में जांच चुनौतीपूर्ण रही, लेकिन पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, मुखबिर तंत्र और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। इसके बाद मुख्य साजिशकर्ता संतोष कुमार राय और आरोपी पुष्पेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले में आदित्य वर्मा, अंकित बैरवा और एक अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भीलवाड़ा में ट्रैफिक पुलिस का 'महाअभियान': काले शीशे, बिना नंबर और आपत्तिजनक स्लोगन वाले वाहनों पर कसा शिकंजा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। यातायात थाना पुलिस ने थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर काले शीशे लगी कारों, बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों तथा वाहनों पर आपत्तिजनक डायलॉग और स्लोगन लिखवाने वालों वाहनों की जांच की।

अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान बनाए। काले शीशों वाली कारों के शीशों पर लगी फिल्म मौके पर ही हटवाई गई। वहीं बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी बाबूलाल टेपण ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, वाहनों पर निर्धारित नंबर प्लेट लगाने तथा नियमों के अनुरूप वाहन संचालित करने की अपील की। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नाकाबंदी तोड़ भागे तस्कर, स्कॉर्पियो से 384 किलो डोडा चूरा बरामद; 8 फर्जी नंबर प्लेटें और 7 कारतूस मिले

## शम्भूगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 60 लाख रुपये की मादक सामग्री जब्त; तस्करों की तलाश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो-एन वाहन से 384.5 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने वाहन से राजस्थान के विभिन्न जिलों की 8 अलग-अलग नंबर प्लेटें और 7 जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त डोडा चूरा की कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। हालांकि पुलिस की घेराबंदी के बावजूद तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में जिलेभर में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य एवं वृत्ताधिकारी गुलाबपुरा जितेन्द्र सिंह मेडतिया के पर्यवेक्षण में शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब चार बजे अण्टाली क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध काले रंग की स्कॉर्पियो-एन को रुकने का संकेत दिया गया। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन नहीं रोका और नाकाबंदी तोड़ते हुए तेज गति से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल पीछा शुरू किया।

पुलिस के अनुसार तस्कर वाहन को अण्टाली गांव होते हुए खारी नदी के कच्चे मार्ग की तरफ ले गए। लगातार पीछा किए जाने और घिरता देख आरोपी कुछ दूरी पर स्कॉर्पियो छोड़कर खेतों के रास्ते भीमलत गांव की ओर भाग निकले। पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन अंधेरा और दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर दोनों आरोपी फरार होने में सफल रहे।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें रखे 20 प्लास्टिक कट्टों से कुल 384.5 किलोग्राम डोडा चूरा मिला। इसके अलावा स्कॉर्पियो से राजस्थान के अलग-अलग जिलों की 8 नंबर प्लेटें और 7 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने सभी सामान को जब्त कर लिया।

प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस का मानना है कि तस्कर जिस जिले से गुजरते थे, उसी जिले की नंबर प्लेट वाहन पर लगा लेते थे, ताकि पुलिस और आम लोगों को किसी प्रकार का संदेह न हो। बरामद नंबर प्लेटों से यह भी संकेत मिले हैं कि तस्कर लंबे समय से इस तरीके का इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं वाहन में मिले कारतूसों को लेकर भी पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। आशंका है कि तस्कर पीछा करने वालों और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करने की तैयारी में रहते थे।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

कार्रवाई में थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया, उपनिरीक्षक दीपेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल भंवरलाल, केसाराम, दशरथ सिंह तथा कॉन्स्टेबल दिनेशचन्द्र की विशेष भूमिका रही।

## पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल शुरू, पंचायतों का कामकाज प्रभावित होने के आसार



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

( **परमेश्वर** ) पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (पंजी) के आह्वान पर गुरुवार से प्रदेशभर में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के पहले ही दिन कर्मचारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार से शीघ्र मांगों के समाधान की मांग की। कर्मचारियों के आंदोलन के चलते ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों में होने वाले प्रशासनिक कार्यों के प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से मंत्रालयिक कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं, जिन पर सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पदोन्नति प्रक्रिया को नियमित करना, अंतर जिला स्थानांतरण की सुविधा प्रदान करना, उत्तराखंड पैटर्न पर पदस्थापन व्यवस्था लागू करना, हाई ड्यूटी अलाउंस एवं अतिरिक्त प्रभार भत्ते की स्वीकृति देना तथा ग्रामीण विकास अधीनस्थ सेवा के स्वीकृत पदों में 50 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार ज्ञापन एवं वार्ताओं के माध्यम से सरकार का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन मांगों का समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी के चलते संगठन ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। आंदोलन के दौरान संगठन के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर अमीष व्यास, महावीर प्रसाद गुर्जर, प्रहलाद राय सुथार, इस्लाम मोहम्मद, संदीप कुमार जोशी, संतोष छिपा, पप्पू नायक, राकेश सेन सहित बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# आज से शुरू होगा ग्रामीण सेवा शिविर महाअभियान, 22 विभाग गांव-गांव पहुंचाकर देंगे सरकारी योजनाओं का लाभ

## एक ही स्थान पर मिलेंगी राजस्व, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, पेंशन, आवास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सेवाएं




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार 12 जून से 15 जुलाई तक 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर शुरू किए जा रहे इस महाअभियान में राजस्व विभाग सहित 22 विभागों की भागीदारी रहेगी। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की वर्षों से लंबित समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कार्य उसी दिन पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाए। यदि किसी कारणवश कोई प्रकरण लंबित रहता है तो उसे विभागवार सूचीबद्ध कर समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाएगा। शिविर सप्ताह के कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक संचालित होंगे।

**डिजिटल निगरानी के लिए बनाया विशेष पोर्टल**

अभियान की पारदर्शिता और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। प्रत्येक शिविर की दैनिक प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। शिविर के दौरान जारी किए जाने वाले सभी प्रमाण-पत्रों और दस्तावेजों पर 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' की विशेष मोहर भी लगाई जाएगी।

**राजस्व विभाग रहेगा नोडल एजेंसी**

ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग द्वारा नामांतरण, खातों का विभाजन, सीमाज्ञान, रास्तों से जुड़े विवाद, भूमि आवंटन, खातेदारी अधिकार, अतिक्रमण हटाने, आबादी विस्तार और विभिन्न प्रमाण-पत्र जारी करने जैसे कार्य किए जाएंगे।

**गांव में ही मिलेगा स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा लाभ**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मातृ-शिशु स्वास्थ्य जांच, कैंसर और सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीबी जांच, टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड वितरण करेगा। वहीं पशुपालन विभाग पशु स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

**बिजली, पानी और सड़क समस्याओं का भी होगा समाधान**

ऊर्जा विभाग बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर और विद्युत शिकायतों का निस्तारण करेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज और जल गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का समाधान करेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्रामीण सड़कों और सरकारी भवनों की मरम्मत से जुड़े मामलों पर कार्रवाई करेगा।

**आवास, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़े कार्य भी होंगे**

ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और स्वयं सहायता समूहों से संबंधित कार्य करेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना, यूडीआईडी कार्ड और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एनएफएसए, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण करेगा।

**महिलाओं, किसानों और विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष लाभ**

महिला एवं बाल विकास विभाग लाडो प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाएगा। कृषि विभाग किसानों को फसल बीमा योजना एवं अन्य कृषि योजनाओं की जानकारी देगा, जबकि शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति, नामांकन वृद्धि और विद्यालयों से जुड़े मामलों का समाधान करेगा।

**राज्य स्तर पर होगी रोजाना समीक्षा**

अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्रमुख शासन सचिव (राजस्व) के निर्देशन में राज्य स्तरीय समन्वय प्रकोष्ठ गठित किया गया है। सरकार ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने निकटतम ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविरों में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

## बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगरोप थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए बनास नदी क्षेत्र से खनन में प्रयुक्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि नियमित गश्त एवं विशेष निगरानी के दौरान सालरिया गांव के समीप बनास नदी के पेटे में अवैध रूप से बजरी खनन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां खनन कार्य में लगे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पाए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया। इसके बाद अवैध खनन एवं खनिज परिवहन से संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा की सहाड़ा तहसील कार्यकारिणी का गठन, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक के निर्देशानुसार तथा जिला अध्यक्ष शंभू पारीक एवं जिला उपाध्यक्ष जुगनू तिवारी की अनुशंसा पर तहसील अध्यक्ष मुकुल पंचोली ने सहाड़ा तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की।

तहसील अध्यक्ष मुकुल पंचोली ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने एवं समाजहित के कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। नई कार्यकारिणी में अरविन्द दाधीच, शिवलाल सुखवाल, गोवर्धनलाल शर्मा एवं कमलकांत शर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं अविनाश व्यास को कोषाध्यक्ष, अंशुल सुखवाल को सचिव, दिलीप उपाध्याय को संगठन मंत्री तथा जय उपाध्याय को सदस्यता प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं जयदीप त्रिवेदी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला उपाध्यक्ष जुगनू तिवारी एवं तहसील अध्यक्ष मुकुल पंचोली ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम के गठन से सहाड़ा क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती एवं गति मिलेगी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित, संगठन विस्तार एवं विप्र समाज की एकता के लिए पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान 28 जून को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। साथ ही समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में प्रवीण शर्मा, मनोज शर्मा, जयदीप त्रिवेदी, श्यामसुंदर व्यास, ऋषि शर्मा, गोपाल पारीक, सुशील व्यास, मुकेश पारीक, संजय व्यास, रमेश जोशी, जुगनू तिवारी, कला व्यास, प्रेमशंकर व्यास, ओमप्रकाश उपाध्याय एवं दिलीप तिवारी सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय युवा संबल मेला का आयोजन 23 जून को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल रोजगार उद्यमिता विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में 23 जून को जिला स्तरीय युवा संबल मेला सुबह 10 बजे से 3 बजे तक ग्रामीण हॉट बाजार में आयोजित किया जायेगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार युवा संबल मेला 2026 के आयोजन के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए रोजगार कार्यालय उपनिदेशक मुकेश गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# दिगंबर जैन युवा महासभा की बिजोलिया इकाई का गठन, हेमंत जैन बने अध्यक्ष

## नवीन लुहाड़िया को महामंत्री और श्रद्धा जैन को महिला शाखा अध्यक्ष की जिम्मेदारी







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

दिगंबर जैन युवा महासभा ने संगठन विस्तार के तहत नगर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए हेमंत जैन को अध्यक्ष, नवीन जैन लुहाड़िया को महामंत्री तथा श्रद्धा जैन को महिला शाखा अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई नियुक्तियों से क्षेत्र के जैन समाज में उत्साह का माहौल है।

दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष विकेश मेहता जैन ने नियुक्तियों की घोषणा करते हुए कहा कि तीनों पदाधिकारी समाज एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। साथ ही संत सेवा एवं सामाजिक कार्यों में भी उनकी विशेष सहभागिता रही है।

मेहता ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि भगवान पार्श्वनाथ के केवलज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण तीर्थ क्षेत्र बिजोलिया में संगठन का व्यापक विस्तार किया जाए। उन्होंने जातिगत जनगणना अभियान को मजबूत करने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा रचनात्मक सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि महासभा आने वाले समय में देशभर के 600 से अधिक जिलों में कार्यकारिणियों का गठन करने जा रही है। हाल ही में अल्प समय में 33 जिलों में कार्यकारिणियों का गठन कर संगठन ने एक नई उपलब्धि हासिल की है।

कार्यकारिणी के गठन पर केंद्रीय दिगंबर जैन महासभा के प्रमुख गजराज गंगवाल, पवन गोधा, शरद कासलीवाल, सुमित जैन, पंकज जैन सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों ने नव नियुक्त टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## रेगर समाज संस्थान का द्वितीय प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित, 41 प्रतिभाओं का सम्मान



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

रेगर समाज संस्थान के तत्वावधान में द्वितीय प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 39 विद्यार्थियों तथा राजकीय सेवा में चयनित दो प्रतिभाओं का तिलक, माल्यार्पण, उपरणा, साफा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (ऋस) में चयनित पवन कुमार रेगर एवं आयुर्वेद विभाग में नर्स कंपाउंडर पद पर चयनित शारदा रेगर का विशेष सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षाविद् सुखलाल बडारिया थे, जबकि अध्यक्षता बिहारी दास ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान अध्यक्ष कैलाश चंद्र फुलवारिया, उपाध्यक्ष नंगजीराम शेरसिया, नारूलाल बडारिया, गणपतलाल बडारिया एवं मोहनलाल शेरसिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने लोक देवता बाबा रामदेवजी एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि सुखलाल बडारिया ने अपने संबोधन में बाबा साहब के संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वहीं ऋस अधिकारी पवन कुमार रेगर ने युवाओं को निरंतर मेहनत और सही दिशा में प्रयास करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

अतिथियों ने कहा कि समाज में शिक्षा और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में नीरु एंड पार्टी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

इस अवसर पर किशनलाल सुखरिया, शंकरलाल शेरसिया, गोपाललाल बासीवाल, उदयलाल शेरसिया, राधाकिशन शेरसिया, चतरुलाल तगाया, राजकुमार तगाया, नारायणलाल खटुंबरिया, गोपाललाल बालेटिया, हीरालाल खटुंबरिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चंद्र बासीवाल ने किया।



QUICK BITES

## प्लॉट पर कब्जे और रास्ता बंद करने का आरोप, कार्रवाई नहीं हुई तो भूख हड़ताल

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**



**(दिलखुश)।** बीसलपुर पुनर्वास योजना के तहत आवंटित प्लॉटों पर कथित अतिक्रमण और रास्ता बंद किए जाने से नाराज विस्थापित परिवार ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि चौसला पुनर्वास कॉलोनी में उनके प्लॉटों के सामने सार्वजनिक रास्ते पर चबूतरा, दीवार और फाटक बनाकर आवागमन बाधित कर दिया गया है।

परिवार ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उपखंड एवं तहसील कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। ज्ञापन में प्लॉटों का कब्जा दिलाने, रास्ते से अवरोध हटाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजेश पायलट के जीवन दर्शन से युवा पीढ़ी प्रेरणा लेकर आगे बढ़े : जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि भीलवाड़ा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राजेश पायलट स्मारक पर श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्मारक स्थल पर साफ सफाई कर श्रमदान किया तथा राजेश पायलट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने राजेश पायलट के संघर्षपूर्ण जीवन, राष्ट्रसेवा, किसान हितों के लिए किए गए कार्यों तथा उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने कहा कि राजेश पायलट का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। युवा पीढ़ी को उनके संघर्ष, सादगी और जनसेवा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना ने अपने संबोधन में कहा कि सर्व समाज की युवा पीढ़ी को राजेश पायलट के जीवन दर्शन एवं संघर्षों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के बेटे-बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक, न्यायिक, राजनीतिक एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचें, जहां से देश की नीतियों के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। शिक्षा, किसान, युवा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्य करना ही राजेश पायलट को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर नगर निगम पार्षद जगदीश गुर्जर, एडवोकेट नरेन्द्र गुर्जर, नन्दलाल गुर्जर, श्यामलाल गुर्जर, नारायण सिंह गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, राजूलाल गुर्जर, जमनालाल गुर्जर, शंभूलाल गुर्जर, ओमप्रकाश गुर्जर, रतनलाल गुर्जर, भगवानलाल गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, रतनलाल गाडरी, वृद्धिचंद प्रजापति, भंवरलाल गुर्जर, अशोक पारीक, कैलाश गाडरी, अमर सिंह, श्याम सिंह, पन्नालाल गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, राधाकिशन गुर्जर, किशन गुर्जर, श्रवण सिंह, गोपाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

## कैंची धाम स्थापना दिवसः भीलवाड़ा में 15 जून को विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालु करेंगे प्रसादी ग्रहण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विश्वविख्यात संत नीम करोली बाबा के पावन कैंची धाम स्थापना दिवस के अवसर पर 15 जून को भीलवाड़ा शहर में भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार और अधिक भव्य व ऐतिहासिक रूप में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार इस विशाल भंडारे में भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु एवं भक्तगण पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजन स्थल को बाबा नीब करौरी महाराज एवं भगवान हनुमान के जयकारों से गूंजता हुआ आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को बाबा जी के जीवन दर्शन, सेवा भावना एवं मानव कल्याण के संदेश से भी अवगत कराया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसादी, शुद्ध पेयजल, बैठने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

आयोजन की तैयारियां पिछले कई दिनों से जोरों पर हैं और सेवाभावी कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजकों का कहना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है और इसी भावना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति ने जिलेभर के श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने और बाबा जी का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

रामधाम चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर रोड स्थित आयोजन स्थल पर यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। मीडिया प्रभारी मोहम्मद हारून रंगरेज ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा और भाईचारे का संदेश देने वाला महापर्व है।

आयोजन समिति में हेमेंद्र अधिकारी , गजेन्द्र सिंह, दामोदर मूंदड़ा, सुशील लड्डा, विनिल गुप्ता, रूबल सिंह, प्रदीप नेगी, एडवोकेट विशाल गुप्ता, सूरज मोटवानी, महिपाल सिंह, संजीव सेठ, गोविंद अधिकारी, अभिमन्यु चौबे, सतेंद्र पारीक, संजय पारीक, निर्भव गंभीर एवं बंटू सहित अनेक सेवाभावी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# वॉलीबॉल शूटिंग में टीम आरकेआरसी पंचमुखी विजेता, शास्त्रीनगर टीम उपविजेता

### महेश नवमी महोत्सवःवॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान एवं आरकेआरसी व्यास नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी महोत्सव 2026 के अंतर्गत प्रायोजित वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता का महेश पब्लिक स्कूल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में कृष्ण गोपाल सोडाणी, रामपाल असावा, कमलेश लाठी, रूपलाल गगरानी, अनुज समदानी, मुकेश बहेड़िया, प्रशांत समदानी, दिलीप कोगटा, नरेन्द्र डाड, पंकज समदानी, दिनेश राठी सीए अंकित लखोटिया, अरुण बियाणी ने व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संयोजक अतुल राठी व नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया ने बताया की आरकेआरसी पंचमुखी ने शास्त्रीनगर को फाइनल के कड़े मुकाबले में परास्त करके विजय हासिल की। विजेता रही आरकेआरसी पंचमुखी को 21 हजार नगद, ट्रॉफी एवं प्रत्येक खिलाड़ी को डेस दी गई तथा उपविजेता शास्त्रीनगर टीम को 11 हजार नगद, ट्रॉफी एवं प्रत्येक खिलाड़ी को डेस दी गई तथा तृतीय स्थान पर रही पथिक नगर टाइटन को 7100 रुपए नगद, ट्रॉफी एवं प्रत्येक खिलाड़ी को डेस दी गई। प्रभारी कमलेश लाठी व मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की समापन समारोह में योगेश लढा, राधेश्याम चेचाणी, कैलाश कोठारी, प्रहलाद लढ़ा, अनिल बांगड, ओम नरानीवाल राजेन्द्र कचोलिया, सत्येन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, प्रदीप बल्दवा, राघव कोठारी, प्रदीप पलोड़, केदार गगरानी, सुरेश बिरला, केजी राठी, अर्चित मूंदड़ा, गोपाल नरानीवाल, मनोहर अजमेरा, अभिजीत सारडा सहित समाज के गणमान्यजन, खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। फाइनल मुकाबला रोमांचक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने जीत के लिए कड़ा संघर्ष किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को शुभम कोगटा को 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' सम्मान से नवाजा गया। समारोह को संबोधित करते हुए योगेश लढा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। समाज में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों का नियमित आयोजन आवश्यक है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्रशासनिक उपेक्षा से बदहाल हुआ ऐतिहासिक गांवाई तालाब, सौंदर्यकरण व पुनरुद्धार की उठी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** कस्बे में स्थित ऐतिहासिक गांवाई तालाब इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते बदहाली का शिकार बना हुआ है। नगर के मध्य स्थित यह विशालकाय तालाब कभी सावर की पहचान और जल संरक्षण का प्रमुख स्रोत रहा है, लेकिन वर्षों से उचित देखरेख नहीं होने के कारण इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

रियासती कालीन सावर सत्ताईसा की धरोहर माने जाने वाला यह तालाब गणगौरी चौक, ब्रह्म अखाड़ा, सब्जी मंडी, अंधेरिया बाग और निचला बास क्षेत्र तक फैला हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब छह वर्ष पूर्व तत्कालीन ग्राम पंचायत द्वारा तालाब की सफाई करवाई गई थी। उस दौरान उमरिया वाली आव, तीखी डूंगरी वाली आव तथा किले की तलहटी से आने वाले जल मार्गों को जेसीबी की सहायता से साफ किया गया था और तालाब के आसपास उगे विलायती बबूल सहित अन्य झाड़ियों को भी हटाया गया था।

इसके बाद से तालाब की नियमित देखरेख नहीं होने के कारण पुनः चारों ओर विलायती बबूलों का जाल फैल गया है। तालाब के घाट जर्जर हो चुके हैं तथा ऐतिहासिक जीरा सागर और महिलाओं की कुई भी उपेक्षा के कारण बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि लोग खुलेआम तालाब में कचरा डाल रहे हैं तथा मृत पशुओं को भी यहां फेंका जा रहा है। वहीं नगर की नालियों का गंदा पानी भी तालाब में पहुंचने से जल प्रदूषित हो रहा है और दुर्गंध फैलने लगी है। इससे तालाब की स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उपखंड मुख्यालय पर स्थित इस ऐतिहासिक जलाशय के संरक्षण और विकास के लिए अब तक न तो नगरपालिका प्रशासन ने कोई ठोस पहल की है



और न ही जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता दिखाई है। ग्रामीणों ने विधायक शत्रुघ्न गौतम तथा जिला प्रशासन से विशेष बजट उपलब्ध करवाकर तालाब के सौंदर्यकरण, सफाई, अतिक्रमण एवं झाड़ियों की सफाई तथा जल आवक मार्गों के पुनरुद्धार की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही तालाब की सफाई और संरक्षण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वर्षा जल की आवक के रास्ते पुनः अवरुद्ध हो जाएंगे, जिससे क्षेत्र की जल संरक्षण व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

# फालतू की बकवास मत करो...घटिया निर्माण देख विधायक ने मौके पर रुकवाया काम

### 4.16 करोड़ के पशु चिकित्सालय निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल, घटिया सामग्री का आरोप, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को लगाई फटकारय ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

आसींद रोड पर निर्माणाधीन 4 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत वाले बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण कार्य में कथित गुणवत्ता संबंधी खामियां मिलने पर शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए उन्होंने मौके पर ही निर्माण कार्य रुकवाने तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता को मौके पर बुलाया और निर्माण कार्य का निरीक्षण कराया। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। विधायक ने कहा कि भवन निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई दे रही है और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विधायक के अनुसार निरीक्षण के दौरान दीवारों की चिनाई इतनी कमजोर मिली कि हाथ लगाने पर ही पत्थर और मसाला टूटकर गिरने लगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को यह स्थिति दिखाते हुए कहा कि इस प्रकार का निर्माण भविष्य में गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने बजरी, गिट्टी और रेत की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए तथा कहा कि उपयोग की जा रही सामग्री अपेक्षित स्तर की नहीं है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण देने की कोशिश पर विधायक ने नाराजगी जताई और कहा कि बहाने बनाने के बजाय गुणवत्ता सुधारने पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए तथा घटिया सामग्री को हटाकर तकनीकी मानकों के अनुसार दोबारा निर्माण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के धन से बनने वाले भवनों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

विधायक ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही मिट्टी आसपास के क्षेत्र से बिना खनिज एवं राजस्व विभाग की अनुमति के लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में अनियमितता पाई जाती है तो इसकी भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका कहना था कि घटिया सामग्री से बने भवन के



भविष्य में क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी तय करना आवश्यक होगा।

डॉ. बैरवा ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई तो संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान मौजूद स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अपनी शिकायतें विधायक के समक्ष रखीं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में शुरू से ही घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। विधायक ने सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार विकास कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही हैं ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ऐसे में निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के धन का दुरुपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति, ठेकेदार या एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा तथा निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा।

# कपास फसल का सघन सर्वेक्षण, किसानों को दिए कीट प्रबंधन के सुझाव

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, जयपुर तथा कृषि विभाग भीलवाड़ा के संयुक्त दल ने गुलाबपुरा, हुरड़ा, तस्वीरिया, सवाईपुर, कोटड़ी एवं देवरिया क्षेत्र में कपास फसल का सघन सर्वेक्षण किया। सहायक कृषि अधिकारी पीयूष कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण दल में सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्योराम, कृषि अधिकारी प्रभुलाल जाट,



सहायक कृषि अधिकारी अजयपाल सिंह, उदयलाल गाडरी एवं सहायक निदेशक कृषि (कोटड़ी) डॉ. प्रकाशचंद्र खटीक शामिल रहे। सर्वेक्षण के दौरान कपास फसल अंकुरण एवं वानस्पतिक वृद्धि अवस्था में पाई गई। फसल में थ्रिप्स एवं जैसिड (हॉपर) का प्रभाव देखा गया, हालांकि प्रकोप अभी आर्थिक क्षति स्तर (ईटीएल) से कम पाया गया। अधिकारियों ने किसानों को नियमित निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर सीआईबी एंड आरसी द्वारा अनुशंसित कीटनाशकों का ही उपयोग करने की सलाह दी।

इस अवसर पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग, बीज उपचार के महत्व तथा समेकित कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों को जैविक फफूंदनाशी ट्राइकोडरमा का निःशुल्क वितरण किया गया।

# परमा एकादशी पर हरि शेवा आश्रम में गूंजे वैदिक मंत्र, विष्णु यज्ञ में दी गई आहुतियां

## -जन कल्याण, विश्व शांति एवं सर्वमंगल की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने किया यज्ञ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में परमा एकादशी श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपरा के अनुरूप मनाई गई। आश्रम में पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन आयोजित हो रहे श्री विष्णु महायज्ञ में कन्हैया मोरयानी, हरीश-निशा आडवाणी, राजा -वर्षा टिक्यानी, जयराम- वर्षा अभिचंदानी, भगवान सिंह चौहान सपत्नी, नितिन लोहिया सपत्नी, संगीत बालानी, पल्लवी वच्छानी एवं अशोक मूंदड़ा सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य आहुतियां अर्पित कर जन कल्याण, विश्व शांति एवं सर्वमंगल की कामना की। यज्ञशाला में गूंजते वैदिक मंत्रों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। वैदिक आचार्य पंडित सत्य नारायण शर्मा के निर्देशन में यज्ञ



अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित अत्यंत पुण्यदायी मास माना गया है। इस मास में प्रतिदिन यज्ञ, जप, तप, दान एवं भगवान विष्णु के नाम का स्मरण करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। परमा एकादशी के दिन किए गए व्रत, पूजन एवं यज्ञ का फल अनेक गुना बढ़ जाता है। बाद में महादेव का अभिषेक भी किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परमा एकादशी पुरुषोत्तम मास की प्रमुख एवं अत्यंत फलदायी एकादशी है। शास्त्रों में इसे पापों का नाश करने वाली तथा मोक्ष प्रदान करने वाली एकादशी बताया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु की भक्ति, सत्संग, सेवा और धर्ममय जीवन ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।

महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी महाराज ने कहा कि हरि शेवा उदासीन आश्रम में पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। यज्ञ के माध्यम से केवल व्यक्तिगत कल्याण ही नहीं, बल्कि समस्त मानवता के सुख, शांति एवं मंगल की प्रार्थना की जा रही है। यज्ञ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो लोकमंगल और पर्यावरण शुद्धि का भी सशक्त माध्यम है। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीहरि विष्णु के जयघोष के साथ आहुतियां अर्पित कीं तथा राष्ट्र की उन्नति, समाज की सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की। आयोजन के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आश्रम के संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविन्द राम, संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम, संत केशव राम आदि उपस्थित थे।

# शिव-सती विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## परमात्मा की भक्ति में जीवन को लगाना ही मनुष्य जीवन की सार्थकता - डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर हरिशेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य एवं कथा प्रवक्ता डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के चतुर्थ दिवस श्रद्धालु भगवान शिव एवं माता सती की दिव्य लीलाओं का रसपान कर भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और वैराग्य का अनुपम वातावरण बना रहा। कथा का शुभारंभ सामूहिक '? नमः शिवाय' जाप के साथ हुआ। भगवान शिव के नाम-स्मरण से संपूर्ण सभागार भक्तिरस में सराबोर हो गया। व्यासपीठ से डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि परमपिता परमात्मा की भक्ति में जीवन को लगाना ही मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी सार्थकता है। मनुष्य राग-द्वेष, ईर्ष्या और अहंकार में अपना अमूल्य समय व्यर्थ गंवा देता है, जबकि भक्ति और सत्संग उसे आत्मिक शांति एवं कल्याण का मार्ग प्रदान करते हैं।


उन्होंने कहा कि जीवन जीने की वास्तविक कला है-कानों से सत्संग का श्रवण करना, मन में पवित्रता लाकर उसका चिंतन करना और भगवान के नाम का निरंतर स्मरण करना। संसार में सबसे अधिक भाग्यशाली वही व्यक्ति है जिसे भगवान की कथा, भागवत चर्चा और सत्संग का लाभ प्राप्त होता है।

कथा के दौरान संस्कृत श्लोक- 'भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।

याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमीश्वरम्॥ '

का भावार्थ समझाते हुए महाराजश्री ने बताया कि माता भवानी और भगवान





शंकर श्रद्धा एवं विश्वास के साकार स्वरूप हैं। इनके बिना साधक अपने हृदय में स्थित परमात्मा का साक्षात्कार नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि सृष्टि और प्रकृति के संतुलन के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों की महत्ता समान रूप से आवश्यक है। सृजन, पालन और संहार की यह दिव्य व्यवस्था ही संसार के समस्त जीवों के कल्याण का आधार है। उन्होंने कथा के प्रथम प्रसंग में संध्या देवी की कठोर तपस्या का वर्णन करते हुए बताया कि उन्होंने आत्मसंयम, साधना और तप के माध्यम से आत्मशुद्धि का आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन पवित्रता, अनुशासन और आध्यात्मिक साधना की प्रेरणा देता है। यदि मनुष्य अपने जीवन में सदाचार और संयम को अपनाए तो आध्यात्मिक उन्नति सहज संभव है। इसके पश्चात डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने माता सती के दिव्य चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। भगवान शिव के प्रति उनकी अनन्य भक्ति, समर्पण, पतिव्रता धर्म, त्याग, प्रेम, निष्ठा और आत्मगौरव की महिमा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि माता सती का जीवन प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसम्मान एवं धर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

महाराजश्री ने भगवान शिव एवं माता सती के दिव्य विवाह महोत्सव का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया। भगवान शिव की अद्भुत बारात, देवताओं की उपस्थिति, शिवगणों की अनोखी छटा तथा हिमालय भवन में संपन्न हुए इस दिव्य विवाह प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

जैसे ही शिव बारात का प्रसंग आया, कथा पांडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालु झूमते हुए भजन गाने लगे- 'भोले बाबा की सजी है बारात, बुंदिया पड़ने लगी... '

भजन एवं शंभू नाम के उच्चारण से पूरा सभागार गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव ', 'बोल बम' और '? नमः शिवाय' के जयघोषों से वातावरण को शिवमय बना दिया।

भगवान शिव और माता सती के संवाद का उल्लेख करते हुए महाराजश्री ने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार संसार के समस्त जीवों के कल्याण के लिए हुआ है। भगवान शिव स्वयं माता सती को रामावतार की महिमा बताते हैं और उन्हें परम तत्व के स्वरूप के रूप में स्वीकार करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य अहंकारवश स्वयं को ही परम तत्व मानता रहता है, तब तक उसका वास्तविक कल्याण संभव नहीं है। ईश्वर की शरणागति, भक्ति और विनम्रता ही आत्मकल्याण का मार्ग है। महाराजश्री ने नवधा भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धापूर्वक नौ प्रकार की भक्ति में से किसी एक का भी सच्चे मन से पालन करता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है और उसे ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है।

### शिव और शक्ति का मिलन सृष्टि कल्याण का प्रतीक

डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि शिव और शक्ति का मिलन केवल एक विवाह प्रसंग नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के संतुलन, ऊर्जा, सृजन और कल्याण का प्रतीक है। जब श्रद्धा और शक्ति का संगम होता है, तब जीवन में दिव्यता का उदय होता है।

कथा का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

आश्रम के संत मायाराम जी एवं संत गोविन्दराम जी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल विष्णु यज्ञ, महादेव का रुद्राभिषेक तथा सायंकाल काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं अखंड रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इन धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

# खरीफ पूर्व कृषक गोष्ठी में विधायक बैरवा ने किसानों से किया संवाद

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

(परमेश्वर )। पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़लिया के दोलतपुरा गांव में गुरुवार को कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत खरीफ पूर्व कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किसानों से संवाद कर कृषि योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक बैरवा ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि से ही विकास संभव है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने खरीफ फसलों की उन्नत खेती, प्रमाणित बीज, फसल प्रबंधन, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण एवं प्राकृतिक खेती की



जानकारी दी। किसानों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिन पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीलाल सोनी, मंडल महामंत्री राजमल माली, भैरूलाल लक्षकार, कैलाश माली, कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बेटियां दो कुलों को तारती हैं, बेटे एक कुल को - डॉ. मिथिलेश नागर

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

नगर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर गुरुदेव डॉ. पंडित मिथिलेश नागर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कन्या के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'बेटियां दो-दो कुलों को तारती हैं, जबकि बेटे एक कुल को तारते हैं।' उन्होंने भगवान कपिलदेव अवतार के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि नौ कन्याओं के पश्चात भगवान कपिल ने अवतार लिया, जिससे समाज में कन्याओं की महत्ता का स्पष्ट संदेश मिलता है। डॉ. नागर ने कहा कि वर्तमान समय में कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक बुराई बढ़ रही है। जन्म से पूर्व ही बेटियों की हत्या करना अत्यंत घोर पाप है। बेटियां माता लक्ष्मी, माता सरस्वती एवं देवी शक्ति का स्वरूप हैं। उनके सम्मान और संरक्षण से ही समाज का संतुलित विकास संभव है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या से स्वयं भगवान भी रुष्ट होते हैं। कथा के दौरान नरसिंह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए गुरुदेव ने बताया कि परमात्मा कण-कण में विद्यमान हैं। पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, वायु तथा



समस्त सृष्टि में भगवान का वास है। श्रद्धा और विश्वास के साथ ईश्वर को हर स्थान पर अनुभव किया जा सकता है। वामन अवतार की कथा के माध्यम से उन्होंने दान की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि राजा बलि यह जानते हुए भी कि वामन रूप में स्वयं भगवान विष्णु आए हैं, दान देने से पीछे नहीं हटे। दान धर्म का मूल आधार है और समस्त धार्मिक एवं लोककल्याणकारी कार्य दान के माध्यम से ही संपन्न होते हैं।

प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. नागर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन चार से छह मिनट प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए। प्रार्थना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा मानसिक शांति एवं आत्मबल प्राप्त होता है।

QUICK BITES

# आजाद चौक एवं शहर के नाला-सफाई कार्यों का विधायक कोठारी ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नाला निर्माण एवं सफाई कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विधायक कोठारी ने सर्वप्रथम रामधाम क्षेत्र में बरसाती नाले का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्य को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद विधायक कोठारी आजाद चौक पहुंचे, जहां स्थानीय व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों ने नालियों के पुनर्निर्माण कार्य में हो रही देरी, अधूरे निर्माण तथा अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी व्यक्त की। लोगों ने बताया कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद कई स्थानों पर नालियों का पुनर्निर्माण समय पर नहीं होने से व्यापारियों एवं आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक कोठारी ने मौके पर ही जिला कलेक्टर से दूरभाष पर तथा नगर निगम और अन्य अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली । उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालियों का निर्माण कार्य शीघ्रता से, निर्धारित लेवल, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुसार पूर्ण कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों और व्यापारियों को राहत मिल सके।

निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने महिला आईटीआई क्षेत्र, रामधाम नाला, शास्त्री नगर नाला सहित विभिन्न नालों की सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक कोठारी ने बताया कि गांधी सागर तालाब के आसपास विकसित नवीन कॉलोनियों का गंदा पानी बाहर निकालने के लिए निगम द्वारा बनाए गए नाले का कार्य सराहनीय हैं। वहीं शास्त्री नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु गांधी सागर तालाब पर दो नए गेट लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से वर्षा जल निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि हरि सेवा एवं गणेश मंदिर के मध्य क्रॉसिंग को व्यवस्थित करने, भारद्वाज नाला, मोती बावजी क्षेत्र, लाल जैन ज्योति कॉलोनी सहित विभिन्न कॉलोनियों को जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

विधायक कोठारी ने कहा कि इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा शहर की सफाई एवं नाला सफाई व्यवस्था को नगर निगम एवं नगर विकास न्यास (यूआईटी) के बीच समान रूप से विभाजित किया गया है। इससे नालों की सफाई अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी तथा बरसात के दौरान आम नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक प्रभारी एडवोकेट अर्पित कोठारी, संजय राठी, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज सिंह, नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के अधिकारी, क्षेत्र के व्यापारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

## जड़ भरत, भक्त प्रह्लाद और अजामिल प्रसंगों का हुआ भावपूर्ण वर्णन, बधाई गीतों पर झूमीं महिलाएं

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

श्री नृसिंहद्वारा मंदाकिनी मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण प्रवचन भवन छोटा पड़ गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाहर बैठकर कथा श्रवण किया।

श्री 1008 ब्रह्मलीन स्वर्गीय रामदास जी महाराज की स्मृति में आयोजित कथा में चित्रकूटधाम के संत स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने जड़ भरत की भक्ति, अजामिल के उद्धार, भक्त प्रह्लाद चरित्र, हिरण्यकश्यप के वध के लिए भगवान श्री नृसिंह अवतार, वराह अवतार, वामन अवतार तथा भगवान श्रीराम के अवतार से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और प्रभु के प्रति अटूट समर्पण से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की जीवंत एवं आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जैसे ही बधाई गीत गूंजे, महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरा परिसर भगवान के जयकारों और भक्ति रस से सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर संत श्यामदास महाराज, गोपालदास महाराज एवं मालमराम महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कथा में बिजोलिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# महायज्ञ में एक लाख आहुतियां, मूर्तियों व कलश का हुआ धान्य दिवास

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



(जसवंत पारीक)। निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में आयोजित श्रीराम महायज्ञ के तहत गुरुवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए। दिनभर यज्ञशाला में पूजा-अर्चना और हवन का क्रम जारी रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यज्ञाचार्य पंडित गोपाल भट्ट ने बताया कि प्रातः आवाहित देवताओं के पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद राम-जानकी की नूतन प्रतिमाओं एवं कलश का जल दिवास कराया गया। दोपहर में राम सहस्त्र नामावली हवन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की।

दोपहर बाद मूर्तियों एवं कलश का धान्य दिवास संस्कार संपन्न कराया गया। सायंकाल महाआरती के साथ दिनभर के धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। महायज्ञ में गुरुवार को कुल एक लाख आहुतियां दी गईं।

महायज्ञ में क्षेत्र के अनेक गांवों से श्रद्धालुओं का लगातार आगमन हो रहा है। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।